ಒಟ್ಟು ಮುದ್ರಿತ ಪುಟಗಳ ಸಂಖ್ಯೆ : 8 ]
Total No. of Printed Pages : 8 ]
ಒಟ್ಟು ಪ್ರಶ್ನೆಗಳ ಸಂಖ್ಯೆ : 45 ]
Total No. of Questions : 45 ]

**A**

**CCE RR**
**REVISED**

Question Paper Serial No. **30**

यहाँ से काटिए

ಸಂಕೇತ ಸಂಖ್ಯೆ : **06-H**

**Code No. : 06-H**

# ವಿಷಯ : ಪ್ರಥಮ ಭಾಷೆ — ಹಿಂದಿ

# Subject : First Language — HINDI

**( ಹೊಸ ಪಠ್ಯಕ್ರಮ / New Syllabus )**

**(ಪುನರಾವರ್ತಿತ ಶಾಲಾ ಅಭ್ಯರ್ಥಿ / Regular Repeater)**

ದಿನಾಂಕ : 22. 09. 2020 ] [ Date : 22. 09. 2020
ಸಮಯ : ಬೆಳಗ್ಗೆ 10-30 ರಿಂದ ಮಧ್ಯಾಹ 1-45 ರವರೆಗೆ ] [ Time : 10-30 A.M. to 1-45 P.M.
ಗರಿಷ್ಠ ಅಂಕಗಳು : 100 ] [ Max. Marks : 100

**TEAR HERE TO OPEN THE QUESTION PAPER**
**प्रश्नपत्र को खोलने के लिए यहाँ फाड़ें**

***परीक्षार्थियों के लिए सामान्य सूचनाएँ :***

1. इस प्रश्नपत्र में वस्तुनिष्ठ एवं गैर-वस्तुनिष्ठ प्रकार के कुल 45 प्रश्न हैं ।
2. यह प्रश्नपत्र रिवर्स जैकेट द्वारा सील किया हुआ है । परीक्षा प्रारंभ होने के समय आप प्रश्नपत्र के दाएँ भाग को काटकर खोलें तथा जाँच करें कि सभी पृष्ठ अक्षुण्ण हैं ।
3. सभी वस्तुनिष्ठ तथा गैर-वस्तुनिष्ठ प्रकार के प्रश्नों के लिए दिए गए निर्देशों का पालन करें ।
4. प्रश्नों के निर्धारित अंक उसके दाहिनी ओर हाशिये में दिए गए हैं ।
5. प्रश्नों के उत्तर देने के लिए अधिकतम समय इस पृष्ठ के ऊपर में दिया गया है जिसमें प्रश्नपत्र पढ़ने का 15 मिनट भी शामिल है ।

**Tear here**

I. **निम्नलिखित प्रश्नों के लिए चार-चार विकल्प दिये गये हैं। सही विकल्प को चुनकर क्रमाक्षर सहित पूर्ण रूप से लिखिए ।** $6 \times 1 = 6$

1. 'कम' शब्द का विलोम रूप है –

   (A) काम (B) बहुत

   (C) अनेक (D) थोड़ा ।

2. निम्नलिखित में से 'स्त्रीलिंग' शब्द है –

   (A) पत्नी (B) पति

   (C) पिता (D) फूल ।

3. निम्नलिखित में से प्रथम प्रेरणार्थक क्रिया रूप है –

   (A) सीखना (B) सिखाना

   (C) सिखवाना (D) सीख ।

4. निम्नलिखित में से 'बहुवचन' शब्द है –

   (A) घराना (B) चिड़िया

   (C) लड़का (D) पुस्तकें ।

5. निम्नलिखित में से 'भाववाचक' संज्ञा रूप है –

   (A) गरम (B) गरमाहट

   (C) गरमी (D) गरमाई ।

6. 'हाथ बँटाना' मुहावरे का अर्थ है –

   (A) सहायता करना (B) रुकावट डालना

   (C) हाथ देना (D) काम चुराना ।

II. **प्रथम दो शब्दों में सूचित संबंध के अनुरूप तीसरे शब्द से संबंधित शब्द लिखिए ।** 4 × 1 = 4

7. पुरुषोत्तम : तत्पुरुष समास :: दिन-रात : ...................................... ।

8. जो विदेश में रहता है : विदेशी :: जो पढ़ा-लिखा न हो : ................................ ।

9. वाग्भूषण : व्यंजन संधि :: भुवनेश्वरी : ............................... ।

10. राम आया है । : भूतकाल :: राम आ रहा है । : ....................... ।

III. **निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक-एक पूर्ण वाक्य में लिखिए ।** 7 × 1 = 7

11. परदेश में होकर भी कवि इकबाल का दिल कहाँ रहता है ?

12. रुपये की वशवर्तिनी कौन है ?

13. नेपोलियन की बहन का नाम क्या था ?

14. सरायवाला सिपाही को क्यों खुश करना चाहता था ?

15. नवीन जी कुरीतियों का चौखट क्यों तोड़ना चाहते हैं ?

16. लोकगीतों का मुख्य विषय क्या होता है ?

17. नगेन्द्र जी के मन में बार-बार कैसी बात आती है ?

IV. **निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दा या तीन वाक्यों में लिखिए ।** 10 × 2 = 20

18. डॉ० इकबाल के अनुसार हमारा देश स्वर्ग के लिए ईर्ष्या-स्थान कैसे बना है ?

19. रुपया ठाकुरजी से बड़ा है । कैसे ?

20. बच्चे की रोने की आवाज़ सिपाही को कैसी लगी ?

21. अपने पुरुषार्थ पर भरोसा रखनेवाले लोग क्या-क्या कर सकते हैं ?

22. नवीनजी के अनुसार मानव किन-किन का शिकार बना है ?

23. स्काउट के प्रमुख उद्देश्य क्या हैं ?

24. रैदास ने सेठजी को सुपारी देते समय रखे शर्तों को लिखिए ।

25. पहाड़ी लोकगीत के बारे में लिखिए ।

26. पुरानी रूसी साहित्य में नगेन्द्रजी ने क्या पढ़ा था ?

27. हेलन केलर प्रकृति का आस्वादन कैसे करती थी ?

V. **निम्नलिखित लेखक / कवि का परिचय दीजिए ।** $2 \times 3 = 6$

28. हजारी प्रसाद द्विवेदी ।

29. सर्वेश्वर दयाल सक्सेना ।

VI. **निम्नलिखित छन्द पहचानकर लक्षण बताइए ।** 3

30. क्षण में होय कमाल, गुस्सा ऐसा कीजिए ।

होय टमाटर लाल, जामुन सा मुखड़ा तुरत ।।

VII. **निम्नलिखित अलंकार पहचानकर लक्षण बताइए ।** 3

31. तनिक सीत जल सो मिटै, जैसे दूध उफान ।।

VIII. **निम्नलिखित वाक्यों का संदर्भ सहित व्याख्या कीजिए ।** 4 × 3 = 12

32. ''आप इस शख्स को जानते हैं ?''

33. ''आप लोग असुर की कविता तो सुन ही चुके, अब ससुर की कविता सुनिए ।''

34. ''चिड़िया से कहा, थोड़ी मिठास उधार दोगी ?''

35. ''हुजूर को नहीं दीखा तो हमें कैसे दीख सकता है ?''

IX. **निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर चार-पाँच वाक्यों में लिखिए ।** 3 × 3 = 9

36. वेंकटरावजी का विद्यार्थी जीवन कैसा था ? स्पष्ट कीजिए ।

37. सेठजी के अनुसार मनुष्यत्व सभी धर्मों से बड़ा है । कैसे ? समझाइए ।

38. अक्कमहादेवी जी अपने को क्यों धन्य मानती हैं ? स्पष्ट कीजिए ।

X. **निम्नलिखित पद्यांश की पूर्ति कीजिए ।** 4

39. जग में ..........................................................................................

..........................................................................................................

..........................................................................................................

........................................................................ को गले लगाना ।

**अथवा**

पैदाकर जिस ..........................................................................................

..........................................................................................................

..........................................................................................................

..................................................................... शेष स्वजीवन सारा ।

XI. **निम्नलिखित दोहे का भावार्थ लिखिए ।** 4

40. जो रहीम उत्तम प्रकृति का करि सकत कुसंग ।

चंदन विष व्यापत नहीं, लिपटे रहत भुजंग ।।

**अथवा**

ज्यों तिल माँही तेल है, ज्यों चकमक में आगि ।

तेरा साई तुज्झ में, जागी सके तो जागि ।।

XII. **निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर आठ-दस वाक्यों में लिखिए ।** 2 × 4 = 8

41. गाँधीजी के व्यक्तित्व पर प्रकाश डालिए ।

**अथवा**

गाँधीजी ने चम्पारन की समस्या को कैसे सुलझाया ? बताइए ।

42. शीला अग्रवाल ने मन्नू जी को किस प्रकार प्रभावित किया ? स्पष्ट कीजिए ।

**अथवा**

मन्नू जी ने राष्ट्रीय आंदोलन में अपनी भूमिका कैसे निभाई ? विवरण कीजिए ।

XIII. **गद्यांश पढ़कर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए ।** 2 × 2 = 4

43. जल मानव जीवन के लिए प्रकृति की अनमोल देन है । जल के बिना किसी प्रकार का जीवन संभव नहीं है । मनुष्य बिना आहार के जी सकता है । लेकिन बिना पानी के जी नहीं सकता । मनुष्य ने विकास के नाम पर प्रकृति के संतुलन को बिगाड़ दिया है । इससे पीने योग्य जल लुप्त हो रहा है । वर्षा का अधिकांश जल नदियों द्वारा समुद्र में चला जाता है । खेती के लिए भूमिगत जल के अत्यधिक उपयोग की भरपाई प्राकृतिक वर्षा द्वारा नहीं हो पा रही है ।

**प्रश्न :**

a) मानव जीवन में पानी की क्या आवश्यकता है ?

b) आजकल पानी की कमी क्यों हो रही है ?

XIV. **निम्नलिखित में से किसी एक विषय के बारे में पत्र लिखिए ।** 5

44. स्थानांतरण प्रमाण पत्र की मांग करते हुए अपने प्रधानाध्यापक के नाम पत्र लिखिए ।

**अथवा**

अपनी परीक्षा की तैयारी के बारे में जानकारी देते हुए पिताजी के नाम पत्र लिखिए ।

XV. **निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर बारह-पन्द्रह वाक्यों में निबंध लिखिए ।** $1 \times 5 = 5$

45. i) आदर्श विद्यार्थी

ii) मेरे प्रिय नेता ।